बाबा की तस्वीर | by Gitanjali Sufiyana

बाबा की तस्वीर मैं ऐसी बनाउंगी
जैसे बैठे खाटू में वैसे दिखलाऊँगी
बाबा की तस्वीर ....

मेरे मन के मंदिर में उनका आसान है
इन सांसों में उसी नाम की धड़कन है
श्याम नाम रंग में मैं तो रंग जाउंगी
जैसे बैठे खाटू में वैसे दिखलाऊँगी
बाबा की तस्वीर ....

हट जाएगा दीवानो का सारा सूनापन
हर कोने में होंगे बाबा के दर्शन
सपना पूरा करके मैं तो दिखलाऊँगी
जैसे बैठे खाटू में वैसे दिखलाऊँगी
बाबा की तस्वीर ....

मेरा घर भी बन जायेगा छोटा सा एक धाम
आकर करेंगे यहाँ बाबा को प्रणाम
अँधियारा मैं घर का दूर भगाऊँगी
जैसे बैठे खाटू में वैसे दिखलाऊँगी
बाबा की तस्वीर ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-by-gitanjali-sufiyana/